# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## क्या डूब रहा है भारत का फार्मा सेक्टर ? बड़ी गिरावट से निवेशकों मे मंची हलचल ।

Publisher Published on 30 Jun 2025



## निफ्टी फार्मा इंडेक्स मे 6% से ज्यादा की गिरावट, FII बिकवाली और अमेरिकी नीतियों से निवेशकों मे बंढ़ी चिंता ।

**मुंबई :** साल 2025 की पहली छमाही में भारत का **फार्मा सेक्टर** तगड़ी गिरावट के दौर से गुजर रहा है। जबकि **Nifty 50 इंडेक्स ने जहां 8%** की बढ़त दर्ज की है, वहीं **Nifty Pharma Index मे 6% से अधिक की गिरावट देखी** गई है। इस गिरावट के चलते **फार्मा सेक्टर स्टॉक मार्केट** में परफॉर्मेंस के लिहाज से सबसे कमजोर सेक्टरों में शामिल हो गया है। निवेशकों के बीच घबराहट बढ़ रही है, खासकर **अंतरराष्ट्रीय नीतिगत अनिश्चितताओं** और **घरेलू बाजार** की सुस्ती को लेकर।

**फार्मा सेक्टर की बड़ी कंपनियों के शेयर गिरे**

१. **Natco Pharma:** करीब 34% की गिरावट
२. **IPCA Labs:** लगभग 20% की गिरावट
३. **Aurobindo Pharma, Lupin, Mankind, Ajanta, Alkem:** 12–20% की गिरावट
४. **Biocon, Cipla, Dr. Reddy's, Sun Pharma जैसी मजबूत कंपनियों को भी नुकसान**

**कुछ कंपनियों ने दिखाई मजबूती**

इस गिरावट के दौर में भी कुछ कंपनियों ने बेहतर प्रदर्शन किया:

१. **Laurus Labs:** 19% की बढ़त
२. **Abbott India:** 16% की तेजी
३. **Divi's Labs:** 10% की बढ़त

४. **Glenmark Pharma:** 8.6% की बढ़त

५. **Torrent Pharma, Zydus Life:** मामूली लाभ

**गिरावट की मुख्य वजहे क्या है ?**

१. **FII की बिकवाली : विदेशी संस्थागत निवेशकों ने फार्मा स्टॉक्स मे भारी बिकवाली की है** ।

२. **वैश्विक अनिश्चितताएं: अमेरिका-चीन व्यापार तनाव, उच्च ब्याज दरे** ।

३. **अमेरिकी टैरिफ का डर : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फार्मा प्रोडक्ट्स पर 25% टैरिफ लगाने के संकेत दे चुके है** ।

४. **एक्सपोर्ट-फोकस्ड कंपनियों को सबसे ज्यादा झटका** ।

**क्या कहती है Nuvama की रिपोर्ट ?**

**Nuvama Institutional Equities** की रिपोर्ट के मुताबिक:

१. **बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका की नीतियों और उनके प्रोडक्ट मिक्स को लेकर जोखिम है** ।

२. हालांकि, **CDMO सेक्टर (Contract Development and Manufacturing Organizations)** और **GLP-1** दवाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं।

३. **Cipla की मजबूत प्रोडक्ट पाइपलाइन** (जैसे gAbraxane और gSymbicort) राहत दे सकती है।

४. **Aarti Pharmalabs, Divi's, Dr. Reddy's को CDMO स्पेस** में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**हेल्थकेयर सेक्टर मे बंनी हुई है उम्मीद**

**Nuvama** के अनुसार, फार्मा कंपनियों के अलावा **हॉस्पिटल** और **हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर** में **ग्रोथ की संभावना** ज्यादा है:

१. **Laxmi Dental, Jupiter Lifeline, Suraksha, Aster DM, Jeena Sikho** जैसी कंपनियां अस्पतालों की क्षमता बढ़ा रही हैं।

२. **डिजिटल टूल्स और AI-टेक्नोलॉजी मे निवेश से राजस्व और मुनाफे मे सुधार की उम्मीद है** ।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.